# मालखेड़ा फंटे के पास ट्रोला पलटले से बाइक सवार दंपती घायल

- महू-नसीरादबाद हाईवे पर हुआ हादसा
- फोटो नंबर 1/ आरटीओ कर्मचारी, बचाव में पलटा ट्रक
- ड्राइवर ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

**नीमच।** सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत महू-नसीराबाद हाईवे पर मालखेड़ा फंटे के पास गुरुवार सुबह सड़क हादसा हो गया। हैदराबाद से नागौर जा रहा करीब 35 टन कपास से भरा ट्राला अचानक बेकाबू होकर पलट गया, जिसमें बाइक पर सवार एक दंपती गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्राला का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। घायल दंपती की पहचान देवरी खवासा निवासी प्रदीप उर्फ बंटी पाटीदार और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। दोनों राजस्थान में एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर मौजूद समाजसेवी वीरेंद्र पाटीदार ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों और ट्रक चालक खियाराम जाट ने आरटीओ विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यह दुर्घटना आरटीओ विभाग के उड़नदस्ता दल का अचानक पीछा करने और बिना किसी चेतावनी के ट्राला को रोकने की कोशिश के कारण हुई। चालक ने बताया कि जैसे ही मालखेड़ा फंटे के पास पहुंचा, तभी



आरटीओ का उड़नदस्ता दल पीछे से आया और बिना बैरिकेड लगाए अचानक रुकने का संकेत दिया। इसी बीच ट्राला के आगे चल रही दो कारों और एक बाइक ने भी अचानक ब्रेक लगा दिए। उड़नदस्ता टीम अचानक पीछे से आ गई और ट्रक को रुकवाने का प्रयास करने लगी। सामने गाड़ियां अचानक रुक गईं, उन्हें बचाने के चक्कर में मैंने ट्राला को डिवाइडर पर चढ़ा दिया।

इसी दौरान वह पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने भी यही दावा किया कि उड़नदस्ता वाहन ट्रक के काफी पास आ गया था, जिससे चालक घबरा गया और वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। हादसा होते ही आरटीओ के तीनों कर्मचारी अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गए। सूचना पर सिटी थाना प्रभारी पुष्पा चौहान ओर केंट टीआई मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। दुर्घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। वहीं, ड्राइवर खियाराम ने आरटीओ टीम को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए ट्राला के केबिन में बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस के समझाने के बावजूद जब वह नहीं माना, तो पुलिस ने ट्राला की खिड़की तोड़कर उसे हिरासत में लिया। इसके बाद पुलिस ने कपास की बोरियां हटवाकर क्रेन से ट्राला को सीधा करवाया। करीब तीन से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया जा सका और यातायात सामान्य हुआ।

> **बाइक ट्रक के नीचे दब गई थी, दो घायल**
>
> ट्रक चालक का कहना था कि सडक़ के दूसरी ओर आरटीओ की गाड़ी खड़ी थी। आरटीओ तीन कर्मचारियों ने ट्रक रोकने के लिए हाथ दिया। इस बीच सामने से एक बाइक सवार आ गया उसे बचाने में बैलेंस बिगड़ गया और ट्रक पलट गया। ट्रक के नीचे बाइक दब गई थी। उसपर एक महिला व पुरुष सवार थे। दोनों घायल हैं। उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक अड़ गया था कि पहले आरटीओ कर्मचारियों को यहां बुलाओ इसके बाद ट्रक से बाहर निकलूंगा। जब समझाने पर भी ट्रक चालक बाहर नहीं आया तो पिछले हिस्से की जाली हटाकर चालक को बाहर निकाला गया। क्रेन की मदद से रास्ता साफ कराया गया।
>
> -पुष्पासिंह चौहान, थाना प्रभारी नीमच सिटी

## एक नजर में

### जिला चिकित्सालय से मरीजों को अतिआवश्यक होने पर ही रैफर किया जाए : डॉ.पाटील

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय में आपातकालीन विभाग की सेवाओं को सुदृढ करने हेतु आपातकालीन विभाग मे कार्यरत चिकित्सकों एंव नर्सिंग स्टाफ की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के. खद्योत एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.महेन्द्र पाटील द्वारा आयोजित की गई । बैठक में निर्देश दिए गये, कि आकस्मिक चिकित्सा ईकाई में आने वाले सभी मरीजों को तत्परतापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए। जो सेवाए जिला चिकित्सालय नीमच में प्रदान की जा सकती है। उसके लिये मरीज को अनावश्यक रैफर नही करे, यदि रैफर किया जाना अत्यन्त आवश्यक है, तो रैफरल पर्ची पर रैफर टू हायर सेन्टर लिखकर रैफरल करे। किसी भी स्थिति में निजी संस्थान में रैफर नही करे। साथ ही रैफर करने वाले चिकित्सक स्वयं, मरीज का परीक्षण कर, रैफर करें तथा अपना पूरा नाम एवं हस्ताक्षर, रैफर पर्ची पर करें। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये, कि सभी चिकित्सक एंव स्टॉफ अपनी उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से ही दर्ज करे और निर्धारित समय कर्तव?य पर उपस्थित रहे।

बैठक में डॉ.पाटील ने उपस्थित चिकित्सकों को निर्देशित किया, कि उपरकरण, दवाईयां एवं अन्य सामग्री की आवश्यकता होने पर तत्काल मांगपत्र दे, जिससे मरीजों के ईलाज में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

### वित्तीय जागरूकता पर सेमीनार संपन्न

**नीमच।** श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ''वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता'' पर विशिष्ट सेमीनार रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के सौजन्य से सम्पन्न हुआ। सेमीनार में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी के साथ भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल के एजीएम मयंक सेमवाल, जिला अग्रणी बैंक - स्टैट बैंक ऑफ इण्डिया के प्रबंधक शितांशु शेखर, नाबार्ड के प्रबंधक योगेन्द्र सैनी, वित्तीय साक्षरता काउन्सलर विजय कुमार चतर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.सी. रांका आदि मंचासीन थे। प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी ने महिलाओं के लिए वित्तीय शिक्षा को आवश्यक बताया। सेमीनार के संचालक डॉ0 पी.सी. रांका ने बताया कि आज के तकनीकी युग में वित्तीय प्रबंधन का ज्ञान होना अति आवश्यक है, क्योंकि आज का जीवन अर्थ की धुरी पर घुम रहा है। आर.बी.आई., भोपाल के प्रबंधक मयंक सेमवाल ने कहा कि व्यक्ति को लालच से बचना चाहिए तथा जीवन की सुरक्षा के लिए बीमा अवश्य कराना चाहिए। सी.एम.एल. के ईश्वर चन्द्र ने पी.पी.टी. के माध्यम से से वित्तीय धोखाधड़ी के दुष्परिणामों को बताया। अग्रणी बैंक के मैनेजर शितांशु शेखर ने अपने सम्बोधन में कहा कि वित्तीय जागरूकता अपने वित्त का बेहतर प्रबन्धन करने, समझदारी भरे निर्णय लेने और धोखाधड़ी से बचाने में मदद करती है। वित्तीय जागरूकता काउन्सलर विजय कुमार चतर ने छात्राओं को वित्तीय फ्रॉड से बचने हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया ।सेमीनार में बैंक के अन्य सहायक कर्मचारी कमलेश व्यास, दुखीराम डामरिया, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. बीना चौधरी, डॉ. रश्मि हरित, डॉ. देवेश सागर, डॉ.महेन्द्र राव, लेब टेक्नीशियन श्री नरेन्द्र शर्मा एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### जिला कृषि समिति की बैठक 8 को

**नीमच।** जिला कृषि स?थायी समिति जिला पंचायत के सभापति की अध?यक्षता में सोमवार को दोपहर 12.30 बजे समिति की बैठक, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कृषि टी.व?ही.एस.शोरूम के सामने अम्?बेडकर रोड नीमच पर आयोजित की गई है। उपसंचालक कृषि नीमच एवं सचिव पी.सी.पटेल ने स?मिति के सभी सदस?यों से बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है।

### जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 17 दिसम्बर को

**नीमच।** जिला पंचायत नीमच की साधारण सभा की बैठक 17 दिसम्?बर 2025 को दोपहर 12.30 बजे जिला पंचायत सभागृह में जिला पंचायत अध?यक्ष सज्?जनसिह चौहान की अध?यक्षता में आयोजित की जा रही है। बैठक में म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कंपनी, स?वास?थ, कृषि, उद्यानिकी, लोक निर्माण एवं स?कूल शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा की जावेगी। जिला पंचायत सीईओ अमन वैष?णव ने जिला पंचायत के सभी सदस?यों से बैठक में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा हेतु नवोदय विद्यालय समिति ने जारी किए प्रवेश पत्र

**मंदसौर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लदुना, जिला मंदसौर के प्राचार्य हरि शंकर रेगर ने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं के लिए उपलब्ध 80 सीटों पर प्रवेश हेतु पंजीकृत 3454 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। किसी भी आवेदक को प्रवेश पत्र प्राप्त करने में समस्या होने पर वह कार्यालय समय में प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय लदुना, जिला मंदसौर से संपर्क कर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है। प्रवेश परीक्षा दिनांक 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को मंदसौर जिले के विभिन्न 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

## 2.107 किलो अफीम बरामद, 1 गिरफ्तार

**नीमच। प्रतिबंधित नशीले पदार्थों के विरुद्ध चल रहे निरंतर अभियान के तहत पी एंड आई सेल जावरा ने मंगलवार 2 दिसंबर 2025 को मिली सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में एक युवक को 2.107 किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया ।सूचना मिलने पर दोपहर में ही पी एंड आई सेल जावरा की टीम गठित कर संदिग्ध मार्गों पर निगरानी बढ़ाई गई।**



टीम को पता चला था कि चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं तहसील के ग्राम अनोपपुरा का निवासी एक व्यक्ति आसपास के गांवों से करीब 2 से 2.5 किलो अफीम एक तस्कर तक पहुँचाने वाला है ।इसी दौरान एक बिना नंबर प्लेट की हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संदिग्ध रूप से कटूंडा मोड़ की ओर आती दिखाई दी। सतर्क अधिकारियों ने मौके पर वाहन को रोका और युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके बैग से दो पारदर्शी पॉलिथीन पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल 2.107 किलोग्राम अफीम पाई गई ।मौके पर ही सभी कानूनी प्रक्रियाएँ पूरी कर अफीम व मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।पी। एवं आई सेल के अनुसार, यह भी जांच की जा रही है कि युवक यह नशीला माल किस तस्कर को सप्लाई करने जा रहा था और इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।




## नवभारत की खबर का असर यातायात प्रभारी ने किया फेंसी व बिना नंबर गाड़ियों का चालान

**नीमच।** नीमच जिले मे बगैर नंबर व फेंसी नंबर प्लेट की न्यूज़ को प्राथमिकता से प्रकशित किया था जिसे यातायात प्रभारी अनुसार बगैर नंबर की चार पहिया गाड़ियां . दो पहिया गाड़ियां मोटरसाइकिल आदि के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई यातायात प्रभारी सोनू बडगूजर वह उनकी यातायात टीम सहायक उप निरीक्षक संगीता प्रधान आरक्षक गोपाल सोनी प्रधान आरक्षक सुभाष परमार आरक्षक चालक रूपेश द्वारा बगैर नंबर के दो पहिया और चार पहिया वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 38 चालान बनाए और ?15000 समय शुल्क वसूल किया गया साथ ही बस स्टैंड पर और रेलवे स्टेशन परऑटो चालकों की मीटिंग लेकर उन्हें समझाया कि ऑटो में कोई भी गैस किट का प्रयोग नहीं करेगा और जो आपके ऑटो की शहर में जो निर्धारित गति सीमा और निर्धारित किलोमीटर के दायरे का पालन करें। निर्धारित दायरे में अपने वाहन को चलाएं बस स्टैंड से अगर भादवा माता या अन्य गांव में ऑटो के द्वारा सवारी ले कर जाते हैं तो उन ऑटो चालकों के विरुद्ध न्यायालय प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा और सभी ऑटो चालक साफ सुथरी खाकी यूनिफॉर्म और बैच लगाकर रखेंगे ।आपका अनुशासन उच्च कोटि का होगा तो महिला सवारी बुजुर्ग सवारी भी आप पर विश्वास करेगी और भरोसा जताएगी उनके मन में एक सुरक्षा का भाव जागृत होगा । यातायात पुलिस नीमच की जनता से अपील करती है कि अपने वाहन के सभी कागज कंप्लीट रखें बस चालक और ऑटो चालक साफ सूत्री यूनिफॉर्म और बैच नंबर मोटरसाइकिल चालक हेलमेट पहने और नाबालिक बच्चे कोई भी गाड़ी ना चलाएं।

## पं. शिवनारायण गौड़ की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नीमच।** साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था कृति ने अपने संस्थापक एवं मानद सदस्य, सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्व. पंडित शिवनारायण जी गौड़ की पुण्यतिथि पर शहीद स्मारक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके बहुआयामी व्यक्तित्व और असीम कृतित्व को स्मरण किया गया ।पंडित गौड़ जी नीमच के दैनिक समाचार पत्र 'नई विधा' के संस्थापक रहे। उनके संपादकीय लेखन की उत्कृष्टता का यह प्रमाण है कि अनेक पाठक आज भी उनके संपादकीयों को संजोकर रखते हैं।



उन्होंने नीमच के विकास पुरुष स्व. सीताराम जाजू की स्मृति में 'जाजू स्मृति ग्रंथ' का प्रकाशन कराया, जिसमें न केवल स्व. जाजू के जीवन का विस्तार से वर्णन है, बल्कि नीमच जिले व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी संग्रहित हैं। यह ग्रंथ आज भी शोधार्थियों व इतिहासकारों के लिए एक अमूल्य धरोहर माना जाता है ।पंडित जी ने नवोदित लेखकों को सदैव प्रोत्साहित किया और 'नई विधा' के माध्यम से उनकी रचनाएँ—लेख हों या कविताएँ—प्रकाशित कर उन्हें मंच प्रदान किया। इनमें से कई लेखक आज स्थापित साहित्यकारों के रूप में पहचाने जाते हैं। वे शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग के प्राध्यापक के रूप में भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते रहे।

कृति संस्था के अध्यक्ष डॉ. अक्षय राजपुरोहित ने पंडित जी के साहित्यिक योगदान, मूल्यधर्मिता और मार्गदर्शन को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि पंडित गौड़ जी का जीवन साहित्य, पत्रकारिता और समाज सेवा का आदर्श संगम था ।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कृति संस्था के सचिव कमलेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल, वरिष्ठ सदस्य किशोर जेवरिया, प्रकाश भट्ट, रघुनंदन पाराशर, कौशिक, शरद पाटीदार, गणेश खंडेलवाल सहित कृति परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खाद्य विभाग की आकस्मिक जांच में 10 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में खाद्य विभाग के कनिष?ठ आपूर्ति अधिकारी जितेन्द्र नागर ने मनासा कुकडेश्वर क्षेत्र में गत दिनों विभिन्न दुकानों एवं संस्थानों की आकस्मिक जांच की और जांच दौरान घरेलु गैस सिलेण्डर का व्यवसाईक उपयोग करते पाए जाने पर कुल 10 गैस घरेलू सिलेण्डर जब्त कर, प्रकरण पंजीबद्ध किया है।**



जिला आपूर्ति अधिकारी आर.एन.दिवाकर ने बताया, कि खाद्य विभाग की टीम ने गत दिनों विजय रेस्टोरेंट रामपुरा नाका मनासा से दो नग घरेलू गैस सिलेण्डर, मेसर्स सांवलिया रेस्टोरेंट कुकडेश?वर रोड पिपलियाघोटा से 2 नग घरेलू गैस सिलेण?डर एवं श्री कृष?णा फेमेली रेस?टोरेंट कुकडेश?वर, जयंत टी स?टॉल कुकडेश?वर फर्म उपसरपंच गुड़ की चाय, कुकडेश्वर, महाराष्ट्र की सुप्रसिद्ध स्पेशल गुड़ की चाय एवं रावत टी स्टॉल कुकडेश्वर, लीडर टी स्टॉल एंड नाश्ता पॉइंट कुकडेश्वर से एक-एक नग घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर मौके पर जप्त किए गए है। संबंधितों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है

## एक नजर

### जिले के सभी आई.टी.आई. में उद्योगो की मांग अनुरूप विद्यार्थियों का स्कील्ड डेवलप करें

# उद्योगों से संपर्क समन्वय कर बेरोजगार युवओं का प्लेसमेंट करवाएं : कलेक्टर

**नीमच। जिले के सभी आई.टी.आई. प्राचार्य अपने संस्थान में विभिन्न ट्रेडो में अध्ययनरत विद्यार्थियों का स्कील?ड डेवलपमेंट स्थानीय उद्योगो की मांग के अनुरूप करवाए। जिससे, कि उन्हें स्थानीय उद्योगो में रोजगार प्राप्त हो सके।**




आई.टी.आई. प्राचार्य सभी उद्योगो का भ्रमण कर समन्वय करें और अधिकाधिक युवाओं का रोजगार के लिए प्लेसमेंट करवाएं और अधिकाधिक युवाओं की उद्योगो में अप्रेन्टिसशिप करवाएं। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय कोशल विकास समिति की बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, प्राचार्य पोलिटेक्निक संजय विश्वकर्मा, महाप्रबंधक उद्योग सुश्री योगिता भटनागर, आईटीआई डूंगलावदा के प्राचार्य दिनेश परमार, प्राचार्य जावद नवीन तिग्गा, रामपुरा के प्राचार्य एच.एस.डाबर, आई.टी.आई. प्रशिक्षण अधिकारी राजेन्द्र कुमार प्रजापति सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग जिला रोजगार अधिकारी एवं आई.टी.आई. प्राचार्यो को निर्देश दिए, कि वे स्थानीय उद्योगपतियों से सम्पर्क, समन्वय कर जिला स्तर या आई.टी.आई. स्तर पर इस माह अंत तक वृहद रोजगार मेला आयोजित करें और अधिकाधिक बेरोजगार युवाओं का प्लेसमेंट करवाए।

बैठक में आईटीआई में प्रवेश की समीक्षा में बताया गया, कि जिले की जावद आईटीआई में 100 प्रतिशत 176 विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है। मनासा में 140 में से 132 विद्यार्थियों का प्रवेश, नीमच में 228 में से 197 विद्यार्थियों और रामपुरा में 432 में से 429 विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है। बैठक में कलेक?टर ने निर्देश दिए, कि आई.टी.आई.में कोपा ट्रेड में विद्यार्थियों में एम.एस.वर्ड एवं एक्सल में कार्य करने संबंधी स्कील्ड डेवलप की जाए। जिससे, कि स्थानीय उद्योगो में उनका सहजता से प्लेसमेंट हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री सीखो, कमाओं योजना, राष्ट्रीय अप्रेन्टिस प्रोत्साहन योजना की भी प्रगति की समीक्षा की गई।